दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 145 मुरादाबाद, 14 September 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीरामजन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष, सीएम शिवराज बोले- सत्य कहां छिपता हैं।



श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जन्मभूमि की खुदाई में प्राप्त अवशेषों की तस्वीर ट्वीट की हैं। ये अवशेष मूर्तियों व स्तंभों के हैं।अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि स्थल की खुदाई की जा रही है। खुदाई में प्राचीन मंदिर के अवशेष और मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। इसकी जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ट्वीट कर दी। उन्होंने बताया कि खुदाई में अनेक मूर्तियां और स्तंभ मिले हैं। तस्वीरों में देखने पर ये मूर्तियां और स्तंभ काफी प्राचीन नजर आते हैं।अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इसके साथ ही जनवरी 2024 में प्राण प्रतिष्ठा की भी तैयारी है। इसे लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 2019 में राम मंदिर को लेकर फैसला आने के बाद से राम नगरी लगातार चर्चा में हैं। इस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने कहा कि श्री रामजन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इस मंगल अवसर पर प्राप्त हुए प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले। सत्य कहां छिपता है!अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ ही करीब 32 हजार करोड़ की विकास योजनाओं पर काम चल रहा है। नगर में एक बड़े एयरपोर्ट का भी निर्माण कराया जा रहा है। मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ ही यहां बड़ी संख्या में रामभक्तों का आना शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट समय-समय पर मंदिर निर्माण की तस्वीरें जारी करता रहता है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किया ई-विधान एप्लीकेशन का उद्घाटन, कामकाज में पारदर्शिता की जताई उम्मीद



जलवायु परिवर्तन के चलते भारतीय किसानों द्वारा पारंपरिक फसलों, मोटे अनाज आदि का उत्पादन किया जा रहा है। इससे ना सिर्फ पारिस्थितिकी को फायदा होता है, साथ ही मोटे अनाज के सेहत के लिए भी कई फायदे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि पौधों की किस्मों और किसानों के अधिकारों की सुरक्षा के मामले में भारतीय कानून पूरी दुनिया के लिए मॉडल बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के चलते यह और अहम हो गए हैं। दिल्ली में पूसा कॉम्पलेक्स में किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने ये बात कही।

## किसानों को अधिकार देने में भारत आगे

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने पौधों की किस्मों और किसान अधिकार कानून (PPVFR) से साल 2001 में ही इस मामले में बढ़त हासिल कर ली थी। पीपीवीएफआर कानून के तहत भारत में किसानों को कई अधिकार जैसे रजिस्टर्ड वैरायटी के बीजों को इस्तेमाल, बचत, बेचने और साझा करने जैसे अधिकार मिलते हैं। किसान अपनी खुद की वैरायटी के बीजों को भी रजिस्टर करा सकते हैं, जिससे किसानों को सुरक्षा मिलती है। जलवायु परिवर्तन की स्थिति में भी इसकी काफी अहमियत है, जो संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करता है।

## मोटे अनाज के उत्पादन को दिया जा रहा बढ़ावा

जलवायु परिवर्तन के चलते भारतीय किसानों द्वारा पारंपरिक फसलों, मोटे अनाज आदि का उत्पादन किया जा रहा है। इससे ना सिर्फ पारिस्थितिकी को फायदा होता है, साथ ही मोटे अनाज के सेहत के लिए भी कई फायदे हैं। साल 2023 को मोटे अनाज के वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने प्लांट अथॉरिटी भवन और एक ऑनलाइन पोर्टल का भी उद्घाटन किया। इस पोर्टल पर पौधों की विभिन्न किस्मों को रजिस्टर किया जा सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचीं -राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं। वह यहां राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधायकों को संबोधित करेंगी और कुछ अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कागजरहित कामकाज को बढ़ावा देने के लिए गुजरात विधानसभा की राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (एनईवीए) परियोजना का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे विधानसभा के कामकाज में पारदर्शिता आएगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने बुधवार को शुरू हुए गुजरात विधानसभा के चार दिवसीय मानसून सत्र के दौरान विधायकों को संबोधित भी किया। उन्होंने ई-विधान एप्लीकेशन को एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। इसकी मदद से विधानसभा एक डिजिटल सदन में बदल जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि एक राष्ट्र, एक एप्लीकेशन के लक्ष्य से प्रेरित यह कदम गुजरात विधान सभा के काम-काज में और अधिक गति एवं पारदर्शिता लाएगा।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ''एक बात की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ, वह इस सदन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। आज जब महिलाएं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा या खेल सहित हर एक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, ऐसे में राजनीति में भी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए।'' इसपर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ''पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के बाद यह भारत के नेतृत्व में उठाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम है। गुजरात जैसे नवाचार और ऊर्जा के गैर परंपरागत स्त्रोतों को बढ़ावा देने वाले राज्य के लिए यह एक अच्छा अवसर है।''उन्होंने उम्मीद जताया है कि सदन में जन-कल्याण के विमर्श के नए मानदंड स्थापित किया जाएगा।

# आजम खां के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी पर अखिलेश बोले- विपक्ष पर बढ़ते जाएंगे छापे

सपा सरकार में मंत्री रहे आजम खां के ठिकानों पर बुधवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की। आईटी टीम ने जौहर ट्रस्ट को लेकर की गई गड़बड़ियों के सुराग तलाशे।पूर्व मंत्री एवं सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के ठिकानों पर आयकर विभाग ने बुधवार सुबह छापा मारा। आयकर विभाग की टीम द्वारा रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, सीतापुर और लखनऊ में सुबह से आजम खां के जौहर ट्रस्ट में अंजाम दी गई गड़बड़ियों के सुराग तलाशे जा रहे हैं।सीतापुर में आजम के करीबी रीजेंसी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक के यहां आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। दो गाड़ियों से आए आयकर विभाग के अधिकारी छापेमारी कर रहे हैं। रामपुर में सपा विधायक नसीर खां के घर पर आयकर की छापेमारी की गई। आजम के हमसफर रिसॉर्ट पर भी आयकर विभाग के अफसरों ने छापेमारी की है। इसी तरह मध्य प्रदेश के विदिशा में भी आयकर विभाग की टीम ने बड़ा बाजार क्षेत्र में रहने वाले समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद रहे स्वर्गीय चौधरी मुनव्वर सलीम के निवास पर छापेमारी की। वहीं, छापेमारी को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सरकार जितनी कमजोर होगी, विपक्ष पर छापे उतने बढ़ते जायेंगे।बता दें कि छह माह पूर्व आयकर विभाग ने पूर्व मंत्री आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे



अब्दुल्ला आजम के आयकर हलफनामे की फिर से जांच शुरू की थी। दरअसल, आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान दाखिल किए गए आयकर हलफनामे में कई गड़बड़ियां मिली थी। वहीं, तंजीन फातिमा के बैंक खातों में भी तमाम गड़बड़ियां जांच में सामने आई थीं और इन खातों में तमाम संदिग्ध लेन-देन का पता चला था साथ ही जौहर ट्रस्ट से हुए तमाम संदिग्ध लेन-देन का भी पता चला था। बताते चलें कि आयकर विभाग और ईडी करीब तीन साल से आजम खान और उनके परिजनों और जौहर ट्रस्ट की गहनता से पड़ताल कर रही है।

## वर्ष 2019 में हुए थे जांच के आदेश

तत्कालीन सांसद आजम खां पर बेनामी संपत्ति और टैक्स में अनियमितता का आरोप वर्तमान विधायक भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में लगाया था। उन्होंने इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय में शिकायत कर दस्तावेज सौंपे थे। पूरे मामले को देखते हुए केंद्रीय मंत्रालय ने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को जांच के आदेश दे दिए थे। आरोप था कि सांसद आजम खां ने 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के बाद 560 एकड़ भूमि में जौहर विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य शुरू करवाया। इसमें नियमों और कानून को ताख पर रखकर सरकारी धन का दुरुपयोग और जमीनों पर कब्जा करने की बात कही थी। इसके अलावा गरीब किसानों एवं अनुसूचित जाति के लोगों की जमीनों को जबरन अपने नाम करवा कर उस पर भवन निर्माण कराने का आरोप था। आजम खां पर ठेकेदारों, उद्योगपतियों से करोड़ों रुपये चंदे के रूप में लेकर काले धन को सफेद करने की भी कोशिश का भी आरोप था। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जौहर विश्वविद्यालय में स्थित भवन निर्माण के अंतर्गत किसी भी तरीके का कोई सेस एवं कोई टैक्स नहीं जमा किया गया है।

## सपा का ट्वीट

समाजवादी पार्टी ने भी आजम खां के ठिकानों पर हुई कार्रवाई को लेकर ट्वीट किया। लिखा कि जनाब आजम खां साहब सच की आवाज़ हैं। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव रखी, तालीम-शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय बनाया। आज़म साहब सदैव फ़िरक़ापरस्त ताक़तों से लड़ते रहे हैं। आज उनकी आवाज़ के साथ हम सब एकजुट होकर खड़े हैं। भाजपा सरकार तानाशाही एवं केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग बंद करे। भाजपाई इतना याद रखे कि तानाशाहों के अहंकार का अंत अवश्य होता है, 2024 में जनता जवाब देगी।

# मीडिया के दिग्गजों ने कहा- अखबार सबसे विश्वसनीय समाचार माध्यम, ये बने रहेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे

पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पहले मीडिया शिखर सम्मेलन का आयोजन बुधवार को हुआ। इस दौरान मीडिया जगत के दिग्गजों ने माना कि अखबार सबसे विश्वसनीय समाचार माध्यम हैं। यह चिंता बेबुनियाद है कि नए जमाने में अखबार समाप्त हो जाएंगे।पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से बुधवार को पहले मीडिया शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसमें मीडिया जगत के कई दिग्गज मौजूद हैं। दिल्ली में हो रहे इस शिखर सम्मेलन में भारतीय भाषाओं के अखबारों के विस्तार और तकनीक के बढ़ते दखल पर दिग्गजों ने अपने विचार रखे। इस दौरान सभी ने यह माना कि आज भी अखबार सबसे विश्वसनीय समाचार माध्यम है। यही वजह है कि डिजिटल और सोशल मीडिया के तेजी से विस्तार के बाद भी भारत में अखबारों की प्रसार संख्या बढ़ रही है। यह बताता है कि आज भी लोगों में अखबार का अपना महत्व है। चर्चा के दौरान मीडिया जगत के दिग्गजों ने कहा कि अखबार आज भी सबसे विश्वसनीय माध्यम हैं। पाठक दिन भर टीवी और डिजिटल मीडिया पर खबरें देखने के बाद भी अखबार पढ़ता है। हमारे यहां लोगों को पांच से सात रुपए में अखबार मिल जाता है। विदेशों में यही अखबार 30-40 रुपये में उपलब्ध होता है। इसमें भी लॉजिस्टिक्स लगता है। सामान्य रूप से हमारे यहां कोई सामान मंगवाने पर हर पैकेट पर 50 से 60 रुपये की लॉजिस्टिक्स लागत आती है, लेकिन हम इन सब लागतों के बाद भी केवल पांच से सात रुपये में अखबार उपलब्ध कराते हैं। हमें समझना चाहिए कि यह अंतर कहां से आ रहा है।

### अखबार समाप्त हो जाएंगे, ये सोच बेबुनियाद

मीडिया में महिला पत्रकारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, बाजार बढ़ रहा है। शिक्षा का स्तर और लोगों की खरीदने की क्षमता लगातार सुधर रही है। लोगों की जानने की इच्छा भी बढ़ रही है। इसके बहुत से माध्यम हो सकते हैं। इस स्थिति में अलग-अलग लोगों की रुचि और पहुंच को ध्यान में रखते हुए अखबार और डिजिटल मीडिया समेत हर प्रकार का प्लेटफॉर्म बना रहेगा और आगे बढ़ता भी रहेगा। यह चिंता बेबुनियाद है कि नए जमाने में अखबार समाप्त हो जाएंगे।

### डिजिटल मीडिया की अपनी खूबियां और खामियां

डिजिटल मीडिया के बारे में तन्मय महेश्वरी ने कहा, डिजिटल मीडिया की कमाई कहां से आ रही है। यह कमाई गूगल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से आ रही है, लेकिन इसकी अपनी खूबियां और कुछ कमियां भी होती हैं। गूगल आपके दिमाग को नई चेतना के लिए विकसित नहीं होने देता। आप जिस तरह की सामग्री लगातार ढूंढते हैं, वह आपको वही चीजें लगातार दिखाने लगता है। यह कोई गलत सूचना भी हो सकती है। डिजिटल मीडिया आपको स्वतंत्र रूप से किसी चीज को खोजने-जांचने के लिए प्रेरित नहीं करता है।

### फैक्ट चेक की व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर

एबीपी ग्रुप की सीईओ ध्रुबा मुखर्जी ने कहा कि हाइपरलोकल तक पहुंचना समाचार पत्रों की सबसे बड़ी ताकत है, जहां सामान्य रूप से बड़े टीवी चैनल नहीं पहुंच पाते हैं। इसी सत्र में मौजूद ईनाडू समूह के निदेशक आई वेंकट ने फैक्ट चेक पर जोर दिया। उन्होंने कहा, विश्वसनीयता हासिल करने के लिए फैक्ट चेक की व्यवस्था को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इस दौरान दैनिक भास्कर समूह के निदेशक गिरीश अग्रवाल, पीएचडीसीसीआई की मीडिया एवं कम्युनीकेशन कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल भी मौजूद रहे। फेक न्यूज के जमाने में विश्वसनीयता सबसे बड़ी चुनौती है: विनोद अग्निहोत्री- पत्रकारिता सबसे लोकतांत्रिक पेशा है। यहां पत्रकार के रूप में आने वाला नया युवा अपने सबसे वरिष्ठ संपादकों के साथ विचार विमर्श करता है। सीखता है और सिखाता है। समाचार पत्रों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि टीवी और डिजिटल के जमाने में उसे अगले दिन सुबह भी जनता के लिए प्रासंगिक और उपयोगी बने रहना है। फेक न्यूज के जमाने में विश्वसनीयता सबसे बड़ी चुनौती है।- दैनिक भास्कर के नेशनल एडिटर लक्ष्मी पन्त ने कहा, निचले और छोटे इलाकों के पत्रकार आज व्यवस्था के सामने सबसे गंभीर प्रश्न उठा रहे हैं। नए लोग साक्षर हो रहे हैं। खबरों का उपभोग बढ़ रहा है। इसके प्लेटफार्म बदल रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर उन्होंने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी इंसान की कल्पनाशक्ति को खत्म नहीं कर सकता। लिखने का काम पत्रकार ही करेंगेÐAI उसे बेहतर रूप से दिखाने में मदद कर सकता है। सत्र के सूत्रधार एनडीटीवी के सलाहकार संपादक और वरिष्ठ एंकर सुमित अवस्थी थे। इस दौरान हिन्दुस्तान समूह के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी भी मौजूद रहे।

## संपादकीय Editorial

# Security council of only five

The size and veto monopoly of the United Nations Security Council is still the same as it was about eight decades ago. Prime Minister Modi had once again raised the issue of its reforms and expansion from the platform of G-20. World leaders like US President Joe Biden, French President Macron, Japanese Prime Minister Kishida and British Prime Minister Rishi Sunak have supported India's permanent membership in the Security Council. Advocacy and requests have also been made. This support has been consistent over the years, but China has been aggressive against India's membership. China has been forgetting that it is a permanent member with 'veto' power in the Security Council, which is due to the 'kindness' or historical mistake of India's first Prime Minister Jawahar Lal Nehru. UN Secretary-General Antonio Guterres was also present during the G-20 conference, but he did not talk about reforms and expansion of the UN and the Security Council in view of the changing world order. The United Nations Organization was formed in 1945 after the Second World War, so that a lasting sense of mutual peace, stability and co-existence could be maintained among the countries and war could be pushed to the background. Since then, by and large, neither any improvement has been made nor this number has been increased in the five veto-wielding countries of the Security Council – America, Russia, France, Britain and China. However, in 1965, so much expansion was done that the number of non-permanent members was increased to 10. They can be made temporary members of the Security Council by rotation.

India is also included in these countries. After the dissolution of the Soviet Union, Russia was given permanent membership, including veto, in its place. However, the permanent members have also been misusing their 'veto'. In the context of India, China is being an 'obstructionist' because it has been protecting dreaded terrorists and murderers of humanity like Masood Azhar by 'vetoing' the anti-terrorism resolutions of America and India. In this way, China has been saving its 'debtor friend' Pakistan from the disgrace. In fact, passing reforms in the United Nations and the Security Council is a difficult task. First of all, to amend the UN Charter, two-thirds of the member-countries must vote in favor of the amendment. It is essential that the presence of all five permanent, veto-wielding members of the Security Council is also necessary in this process. Without them, no amendment or proposal can be passed in the General Assembly of the United Nations. In the last few years, the demands of countries advocating reforms have increased. This group includes India, Brazil, Germany and Japan. The group has been named 'G-4'. Japan, Germany and India are the third, fourth and fifth largest economies of the world. How has their permanent participation been prevented in the Security Council? To achieve consensus, the voices of these countries' regional rivals - Pakistan, Italy, Argentina and South Korea and the African Union - have also been added. Although the G-4 countries are in favor of permanent membership of the Security Council, the countries associated with the consensus want to increase the seats of non-permanent members. The African Union wants the two African seats to be made permanent and they should also be given 'veto' rights. China has been spoiling the entire game because it is with the countries 'united for consensus' like Pakistan and Italy. China is against making India and Japan permanent members. However, if the Security Council has to remain relevant in the current situation and world system .

# Rishi Sunak and Akshata: How many colors can bloom in the mind of a rich man..!

A spontaneous picture, without any purpose, without the politics of a politician, nor the need for any PR. He looked more like a lover than a foreign guest, a bit like a boy takes off his jacket in the cold and puts it on his girlfriend, it seems like a scene from a movie but how difficult is it to happen in reality. What does a lover dream about? That someone stands under an umbrella with his girlfriend in the rain, keeps looking at her. How many songs have been written on it and how many scenes have been filmed and yet it all falls short. Every time these scenes seem fresh as if a new sun rises from the horizon every day. Every time the rain brings a different message, it happens so that people can look upwards and realize how many more dimensions can be lived, how many colors can bloom in the sky even in the mind of a rich person. Not only. At this moment, I am remembering the song of Ijaazat - 'When half of the people were getting wet in a single umbrella, half were dry, half were wet...' It is true that when there is one umbrella and two people, then half of them will definitely get wet, but When Rishi Sunak was half drenched with his wife Akshata, the onlookers were in complete joy. Recently the couple came to India, visited Akshardham temple and it started raining. He was coming out holding an umbrella and the cameraman took the picture. The picture is now viral with different captions and views. People also remembered Raj Kapoor and Nargis of the black and white era – Pyaar Hua Iqraar Hua..! The occasion was when India hosted the G20 this year, which started with the motto of Vasudhaiva Kutumbakam. For 3 days, pictures, videos and memes made of the program remained prevalent on social media. British Prime Minister Rishi Sunak and his wife Akshata attracted the most attention. Actually, Rishi has been in the news ever since he became the Prime Minister of Britain. Some of his statements have also been controversial. India is also his in-laws' home. When they reached here, a picture from the plane went viral in which Akshata is fixing her husband's tie. It was written on it that - 'Son-in-law Angana has arrived.' A picture which has been preserved across history - Rishi and Akshata were anyway the people's special focus. Despite being a foreigner, he felt like one of our own. Then when he said – I am very proud to be a Hindu – it stung all those who hesitate to accept it openly even after living in this country. Rishi also said that I have just tied Rakhi with my sisters and I regret that in the rush to come here, I could not celebrate Janmashtami. His statements were attracting attention that he reached Akshardham temple with his wife in the pouring rain of Delhi. Then the picture of rain caught everyone's attention. A spontaneous picture, without any purpose, without the politics of a politician, nor the need for any PR. He looked more like a lover than a foreign guest, a bit like a boy takes off his jacket in the cold and puts it on his girlfriend, it seems like a scene from a movie but how difficult is it to happen in reality. These are simple incidents of life but they leave a long lasting impact, hence every lover must have associated his/her feelings with this picture also. Again, it is a common picture of two powerful people of the world but special in many ways. Living up to Indian dignity in every way. A girl in a suit trying to escape the rain with her husband at a place in Delhi, or perhaps never trying to leave? If life keeps giving love like this, then who would want to escape from it? If a politician who is in charge of an entire country is standing with his wife in the rain holding an umbrella, then people will also hold their hearts. The media remembered old songs, people remembered the captions, some were lost in the past and some were lost in imagination. Where will G20 remain in the mind then, yet that is the most pleasant picture of this occasion. Be it a head of state or a mistress worth billions of rupees. The heart beats the same as both of them. It is love that thrills them. In this meeting of powerful countries of the world, love showed its strength. The most gentle yet the most powerful. In the meetings of all the politicians, big decisions, discussions on geography, contemplation of the earth and all the intelligence, it was love that went viral. Love is what should go viral. Anyway, in this world there is no greater beauty than simplicity, longer attraction than simplicity and greater energy than love.

# Asia Cup: Team India's claim strengthened by 'Virat' victory over Pakistan

Opposition teams should be prepared to face Kuldeep's havoc on Indian pitches. Wicketkeeper batsman KL Rahul has also made a comeback with a century. He is included in the World Cup team. India registered its biggest ever win of 228 runs over Pakistan in the Asia Cup at the Premadasa Stadium in Colombo. Asia Cup is being considered as a platform for preparations for the Cricket World Cup. In such a situation, this big victory over Pakistan has provided a lot of psychological strength to the Indian players. India and Pakistan have always been each other's biggest rivals. Cricket lovers of both the countries get emotionally attached to the matches of both the teams. In this rain-affected match, India scored 356 runs against Pakistan after 18 years. Earlier, this miracle was done by India in Visakhapatnam in the year 2005. However, then India had lost 9 wickets in scoring 356 runs. Mahendra Singh Dhoni had played an inning of 148 runs in that match. India also registered many records in the Colombo match. Does Premadasa Stadium like Virat Kohli?- By scoring a century in Colombo, Virat Kohli has taken his number of centuries in the Asia Cup to 5. He is the only player from India to do this. Sachin Tendulkar, Shikhar Dhawan and Suresh Raina have two centuries each in the Asia Cup. This record of Virat Kohli seems very difficult to touch. Virat Kohli also completed his 13,000 runs in ODI cricket in Colombo. He has become the fastest batsman to complete 13,000 runs. He played 267 innings to reach this record score, whereas it took 321 innings for Sachin Tendulkar to reach 13,000 runs, 341 innings for Australia's Ricky Ponting, 363 innings for Sri Lanka's Kumar Sangakkara and 416 innings for Sanath Jayasuriya. Looks like Colombo's Premadasa Stadium is to Virat Kohli's liking. His fourth century was in this stadium. Virat Kohli was also the man of the match in the India-Pakistan match and this was his 64th man of the match award. Ahead of him is only Sachin Tendulkar, who has received 76 Man of the Match awards, while Sanath Jayasuriya of Sri Lanka has received 58, Jacques Kallis of South Africa has received 57 and Kumar Sangakkara of Sri Lanka has received the Man of the Match award 50 times. India's big wins - If we talk about India's big wins, then Team India had won four times between 1972 and 2021 by a margin of more than 200 runs, but in the last one year, i.e. from 2022 till now, India has won by 200 runs four times. Has registered victory over opposition teams by margin of runs. The good thing for India is that the way the batsmen and bowlers looked in form against Pakistan, it is clear that India has staked a strong claim on the Asia Cup. India has also made its intentions clear regarding the World Cup. The best part is that India's main fast bowler Jasprit Bumrah has returned to form with his swing bowling. The way Kuldeep Yadav broke the back of Pakistan's batting and took 5 wickets, it can be said that the opposition teams should be prepared to face the havoc of Kuldeep on Indian pitches. Wicketkeeper batsman KL Rahul has also made a comeback with a century. He is included in the World Cup team. If the Indian team continues in this form then it can repeat its 2011 performance in the World Cup and win the World Cup for the third time.

# CBI: High officers also came under siege

The country's premier investigating agency 'CBI' will no longer need the government's permission to investigate against the highest officials of the administration and will be able to investigate directly on the basis of its discretion and evidence. The country's premier investigating agency 'CBI' will no longer need the government's permission to investigate against the highest officials of the administration and will be able to investigate directly on the basis of its discretion and evidence. In this context, in 2014 itself, the Supreme Court had ruled on the petition of BJP leader Dr. Subramanian Swamy that in the 'Delhi Special Police Establishment Act-1946', under which section 6A (1) of the Government serving officers above Joint Secretary, Government's approval was necessary to initiate investigation against him, it is cancelled. Since this section was added on September 11, 2003 during the then Vajpayee government, the court's decision will be considered applicable with retrospective effect. The issue before the country's largest court was whether the disarmament of Section 6A (1) would be considered applicable from then or from 2014? The five-member Constitution bench of the court gave this decision after considering this question. Justice S.K. Since this was the real issue before the five-judge bench formed under the leadership of Kaul, the decision also focused on this topic. In its decision, the Constitution Bench, citing various articles of the Constitution, made it clear that the law which has been declared illegal will be implemented from the same date. CBI was formed by the first Prime Minister of India Pt. Jawahar Lal Nehru in 1963 under the Delhi Special Police Establishment. This special police law was made in 1946 by the British government after the Second World War to prevent corruption in government offices because during the Second World War that lasted from 1939 to 1945, there were reports of rampant corruption in the supply of various items to the army. At that time, the situation was such that businessmen who supplied even eggs to the army were becoming millionaires in no time. But Pt. Nehru felt the need to form CBI because at that time in independent India, the echo of corruption spread among the people holding high positions in different states (including political leaders) started being heard till Delhi. Concerned about this, Nehru ji revived the Delhi Special Police Act and named it CBI to investigate people holding high positions and prepared 'Kamaraj Plan' to purify the Congress Party, under which all the Chief Ministers and Fresh appointments were made to these posts after the resignations of cabinet ministers. This work was done by Nehru by making the then Minister of Tamil Nadu, Shri Kamaraj Nadar the National President of the party, who ordered the resignation of Congressmen from all high posts. CBI's aim from that day itself was to catch the corrupt. Its scope was made very wide so that state governments can also help in solving complicated criminal cases .

# लड़की से बात करने से नाराज परिजनों ने युवक को पकड़ा, बाल काटे और मुंह पर पोती कालिख

मुरादाबाद-पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष दीपक मलिक ने बताया कि गिरफ्तार दो लोगों को थाने से ही जमानत दी गई है। अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मूंढापांडे में ग्राम प्रधान की मौजूदगी में एक युवक को शक के आधार पर उसका बाल काटकर और कालिख पोतकर घुमाया गया। घटना के नौ माह बाद क्रूरता भरा वीडियो वायरल होने पर मूंढापांडे पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ दिया।



दौलारी का रहनेवाला एक व्यक्ति साझे में फलों का कारोबार करता था। जनवरी 2023 में उसकी लड़की से बात करते समय परिवार के लोगों ने एक युवक को पकड लिया। शक के आधार पर ग्राम प्रधान सहित बिरादरी के लोग एकत्र हुए। पंचायत ने युवक के खिलाफ क्रूरता भरा फैसला सुनाया। इसके बाद लोगों ने युवक का बाल काटने के बाद उसके मुंह पर कालिख पोत दी। चप्पलों और थप्पड़ों से पिटाई करने के बाद धमकी दी गई कि यदि भविष्य में वह घर के पास दिखाई देगा तो जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित परिवार उस समय पुलिस से शिकायत करने का साहस नहीं जुटा सका। चुपचाप युवक घर बैठ गया। कुछ दिन बाद अपमानित युवक बंगलौर चला गया। वर्तमान में वह हेयर कटिंग का काम कर रहा है। सोमवार शाम किसी ने सोशल मीडिया पर फिर क्रूरता भरा विडियो वायरल कर दिया। इस मामले में पुलिस हरकत में आ गई। रात में पीड़ित के पिता की तहरीर पर प्रधान अख्तर अली और लड़की के पिता भूरा सहित सात नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ बाल काटने, मुंह पर कालिख पोतकर अपमानित करने के मामले में केस दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष दीपक मलिक ने बताया कि इस मामले में नामजद प्रधान अख्तर अली और लड़की के पिता भूरा निवासी दौलारी को गिरफ्तार करने बाद दोनों को थाने से जमानत पर छोड़ा गया है। अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन

मुरादाबाद- कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी भवन में अधिवक्ताओं ने बैठक कर बार कौंसिल के निर्णय के साथ रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। न्यायिक कार्य से विरत रहकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। वकीलों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में दिन में 12-3 बजे तक धरना देने का ऐलान किया है। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर बुधवार को भी अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में बार के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ता हितों के साथ कोई समझौता नहीं करने की बात कही। मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें हापुड़ के जिलाधिकारी, एसपी और पुलिस क्षेत्राधिकारी का स्थानांतरण, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी और घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग शामिल है। एसोसिएशन के भवन में सभा कर बार कौंसिल के निर्णय के समर्थन की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं उन वकीलों पर कार्रवाई कर न्यूनतम 5000 रुपये का अर्थदंड लगाने के लिए कहा जो हड़ताल के दौरान न्यायालयों में काम कर रहे हैं या अपना वकालतनामा लगा रहे हैं। विरोध जताने वालों में सुरेश चंद्र गुप्ता, देशराज शर्मा, मनीष प्रताप सिंह, सुनील कुमार सक्सेना, अनिल गुप्ता, खलील अहमद, विनीत कुमार भटनागर, हरिशंकर आर्य, अलका शर्मा, रमा पांडे, कमल कौशल सिंह सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।



## कांग्रेसियों ने किया वकीलों की हड़ताल का समर्थन

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में चल रहे आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष असलम ख़ुर्शीद और महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने दि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना को पत्र सौंपा।

कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि कांग्रेस कमेटी अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा कर इसके विरोध में चल रहे हड़ताल और आंदोलन का समर्थन करती है। इस दौरान अमीरुल हसन जाफरी, आनंद मोहन गुप्ता, अरशद परवेज एडवोकेट, अब्बास जैदी एडवोकेट, असद मोलाई, राजेंद्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, मोहतसिम मुख्तार, दानिश कुरैशी, नेहा नाज, बाबर सैफी, गयूर अंसारी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़,पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# सीओ ऑफिस के सामने डीसीएम में घुसी डग्गामार बस, 17 यात्री हुए घायल

मुरादाबाद-अमरोहा जिले के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार के डग्गामार बस पकड़ी जाने और उसके बाद एआरटीओ द्वारा हाईवे पर दौड़ रहीं 12 डग्गामार बसों के खिलाफ कार्रवाई के बाद भी उनका संचालन थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार की रात दो बजे सीओ ऑफिस के सामने डग्गामार बस आगे चल रही डीसीएम में घुस जाने से उसमें सवार 17 यात्री घायल हो गए। घायलों में 14 यात्री निजी अस्पताल में जबकि तीन को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार की रात दो बजे सीओ ऑफिस के सामने डग्गामार बस आगे चल रही डीसीएम में घुस जाने



से उसमें सवार 17 यात्री घायल हो गए। घायलों में 14 यात्री निजी अस्पताल में जबकि तीन को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान जाम के हालात बन गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया। मंगलवार की रात दो बजे डग्गामार बस हल्द्वानी से दिल्ली की तरफ जा रही थी। उसके आगे डीसीएम चल रही थी। डीसीएम बरेली से गुजरात जा रही थी। डीसीएम सीओ ऑफिस के सामने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि इस बीच डग्गामार बस के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से चलाई। जिससे बस आगे चल रही डीसीएम में घुस गई। जिससे बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार 17 यात्री घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार मचने और राहगीरों की सूचना पाकर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। बस में सवार घायलों को बाहर निकाला। एंबुलेंस बुलाकर 14 घायलों को निकट के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि तीन घायल सीएचसी में भर्ती कराए गए। हादसे के कारण हाईवे पर जाम के हालात बन गए। पुलिस ने क्रेन मंगाकर हादसा ग्रस्त वाहनों को हटवाया। पुलिस ने बताया कि रात दो बजे हादसे की जानकारी मिली है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था। अभी इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## हादसे में यह लोग हुए घायल

डीसीएम में डग्गामार बस घुस जाने से बस में सवार राजाराम निवासी कौरारा बदायूं उसकी पत्नी जगवती, रजनी पत्नी धर्मेश निवासी करनपुर बदायूं, विकास निवासी कौरारा बदायूं, अमित, सुखबीर, ज्योति पत्नी हेम सिंह, अजय, सुनीता पत्नी कल्लू, आयुष, शिवानी पुत्री अतर सिंह, पप्पू व उसकी पत्नी चरणदेवी निवासी बिसैनपुर बरेली, बाबू अशरफ निवासी बहेड़ी बरेली व संभल के शाहपुर सिरपुड़ा निवासी गौहर अब्बास घायल हो गए।

# सहारा अमन कमेटी के पद अधिकारियों ने जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह को सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट किया

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह का सहारा अमन कमेटी रजिस्टर्ड उत्तर प्रदेश के पद अधिकारियों ने मुरादाबाद के नए जिला अधिकारी का मुरादाबाद पीतल नगरी आगमन पर कैंप कार्यालय पर पूरी टीम के साथ जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह का जोरदार स्वागत किया। वहीं सहारा अमन कमेटी के पद



अधिकारियों ने जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह को सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट किया । और मुरादाबाद की चंद समस्याओं से भी अगवत कराया । पदाधिकारीयो ने जिलाधिकारी को विश्वास दिलाया के जैसे सहारा अमन कमेटी सभी त्योहारों पर भाईचारे के लिए शासन प्रशासन को अपना सहयोग देती चली आई है वैसे आने वाले त्योहारों पर अपना महत्वपूर्ण सहयोग देती रहेगी जिलाधिकारी ने सभी का शुक्रिया अदा किया इस मौके पर सहारा अमन कमेटी के अध्यक्ष सूफी वसीम अहमद कादरी ,आरिफ मंसूरी हाजी यूसुफ अंसारी नौशाद अली साजिद अंसारी इनामुल हक हाजी अनवर मुमताज हाजी जुबेर आलम मोहम्मद राजा मोहम्मद परवेज जिया उल करीम मोहम्मद यासीन मोहम्मद अनवर मोहम्मद फहीम मोहम्मद सलमान मोहम्मद आलम।

# आजम खां के साथ सपा विधायक नसीर खां के घर पर भी इनकम टैक्स की छापेमारी, जौहर ट्रस्ट को लेकर जांच

मुरादाबाद/रामपुर -पूर्व मंत्री एवं सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के ठिकानों पर आयकर विभाग ने बुधवार सुबह छापा मारा। इसी के साथ विधायक नसीर खां के घर पर भी आयकर विभाग की छापेमारी हुई। जौहर ट्रस्ट को लेकर रामपुर में सपा नेता आजम खां के साथ विधायक नसीर खां के घर पर भी आयकर विभाग की छापेमारी हुई। बुधवार सुबह ही विभाग की टीम सुरक्षा कर्मियों के साथ रामपुर पहुंची। इसके बाद अलग-अलग टीमों ने आजम खां और विधायक नसीर खां के घरों में जाकर जांच की। जौहर विश्वविद्यालय के गेट पर




ताला लगाकर कागजात खंगाले गए। विधायक आवास के साथ जौहर विवि पर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान किसी भी व्यक्ति को अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। आजम खां के हमसफर रिसोर्ट पर अधिकारी एसएसबी जवानों के साथ पहुंचे। आजम खां के जौहर ट्रस्ट के जितने भी ट्रस्टी हैं सभी के यहां एक साथ छापेमारी चल रही है। जौहर यूनिवर्सिटी और रामपुर पब्लिक स्कूल का संचालन भी ट्रस्ट ही करता है। आजम खां ट्रस्ट के आजीवन अध्यक्ष हैं। उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, बेटे अब्दुल्ला आजम, बहन निकहत अफलाक भी ट्रस्ट की पदाधिकारी हैं। सपा विधायक नसीर खां भी ट्रस्ट के पदाधिकारी हैं।

## साल 2019 में हुए थे जांच के आदेश

तत्कालीन सांसद आजम खां पर बेनामी संपत्ति और टैक्स में अनियमितता का आरोप वर्तमान विधायक भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में लगाया था। उन्होंने इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय में शिकायत कर दस्तावेज सौंपे थे। पूरे मामले को देखते हुए केंद्रीय मंत्रालय ने ईडी ( प्रवर्तन निदेशालय ) को जांच के आदेश दे दिए थे। आरोप था कि सांसद आजम खां ने 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के बाद 560 एकड़ भूमि में जौहर विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य शुरु करवाया। इसमें नियमों और कानून को ताख पर रखकर सरकारी धन का दुरुपयोग और जमीनों पर कब्जा करने की बात कही थी। इसके अलावा गरीब किसानों एवं अनुसूचित जाति के लोगों की जमीनों को जबरन अपने नाम करवा कर उस पर भवन निर्माण कराने का आरोप था। आजम खां पर ठेकेदारों, उद्योगपतियों से करोड़ों रुपये चंदे के रूप में लेकर काले धन को सफेद करने की भी कोशिश का भी आरोप था। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जौहर विश्वविद्यालय में स्थित भवन निर्माण के अंतर्गत किसी भी तरीके का कोई सेस एवं टैक्स नहीं गया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पीडित के साथ की गई जमीन की धोखाधड़ी जिम्मेदार कौन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी




रीवा मो0 अजमेर तनय मरहूम मो0 दफेदार उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम व पोस्ट बड़ी पांती, तहसील गुड़ जिला रीवा म0प्र0 के है प्रार्थी ने निपनिया में 22ङ्ग71 = 1420 वर्गफिट आराजी 1467/10 कुल रकवा 0.1430 में से 1420 वर्गफिट की भूमि दिनांक 28.05.2018 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से संतोष कुमार पटेल पिता राजमणि पटेल निवासी सुन्दर नगर जिला रीवा से क्रय किय गया था. क्रय करने के पूर्व संतोष पटेल व दलाल समीउल्ला के द्वारा उक्त भूमि मे प्रार्थी को खड़ा कराकर फोटो खिंचवाया गया तथा उक्त भूमि की रजिस्टार महोदय के समक्ष रजिस्ट्री कराई गई थी, प्रार्थी बिक्री कराने के बाद अपनी उक्त भूमि में कोई निर्माण कार्य नही कराया, बाद में जब प्रार्थी एक वर्ष पूर्व उक्त भूमि मे निर्माण कराने पहुँचा तो प्रार्थी को यह पता चला कि जो भूमि प्रार्थी को विकय की गई थी, उक्त भूमि किसी और व्यक्ति की है, प्रार्थी के द्वारा अपनी भूमि की खोज की गई, व पटवारी से अपने भूमि के बारे मे पता लगाया गया, तो यह पता चला कि. उक्त भूमि के रकवे मे कालोनी की रोड एवं नाली है, प्रार्थी को उक्त भूमि क्रय करने हेतु समीउल्ला निवासी निपनिया के द्वारा बताया गया था, तथा भूमि भी उसी के द्वारा दिखाई गई थी एवं रजिस्ट्री कराने के पूर्व समस्त राशि समीउल्ला के हाथों में दी गई थी. प्रार्थी के साथ संतोष पटेल व समीउल्ला के द्वारा षड्यंत्रपूर्वक छल करते हुये उक्त भूमि बेची गई है, जिसका आवेदन दिनांक 06.09.2023 को थाना सिविल में दिया गया था जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिनके विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कृपा की जाय पीड़ित परिवार आज रीवा एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाया न्याय की गुहार

# नगरपालिका, चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-एटा मेंभाकियू स्वतंत्र बनी लोगों की पीड़ा को हरने वाला संघठन, भाकियू ॎस्वतंत्रॎ के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद एटा के चैयरमेन प्रतिनिधि को राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के साथ पहुंचे नगरपालिका, चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज गुप्ता को सौंपा ज्ञापन, स्वतंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा समस्या बताने पर तत्काल प्रभाव से एटा चेयरमैन ने भेजी जेसीबी मशीन, अधिशासी अभियंता पीडब्लू एवं जल निगम ने किए थे हाथ खड़े, भाकियू स्वतंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खड़े होकर अपने सामने ही चेयरमैन के प्रयासों से जेसीबी से एटा की सड़के कराई गड्ढा मुक्त, जेसीबी से गड्डों में भराव का काम शुरू, भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण शर्मा को क्षेत्रीय लोग दे रहे हृदय से धन्यवाद, भाकियू के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर तरुण शर्मा जिंदाबाद , जय जवान,जय किसान और भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्र जिंदाबाद के लगाए जमकर नारे माया पैलेस चौराहे वाला एरिया पीडब्ल्यूडी विभाग और जल निगम के अंतर्गत आता है पीडब्ल्यूडी विभाग ने किए थे हाथ खड़े, जबकि माननीय मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश है कि प्रदेश में सभी सड़को पर गड्ढा मुक्त हो, वही सड़कों का हाल सुधारने के लिए छ्रूकोटे से 900 करोड रुपए का बजट पास किया गया है।

# भारतीय किसान यूनियन स्वराज के छात्र सभा द्वारा जनपद एटा में जिलाधिकारी को 11 सूत्री ज्ञापन राष्ट्रपति महोदय के नाम सौपा



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-भारतीय किसान यूनियन स्वराज के छात्र सभा द्वारा जनपद एटा में जिलाधिकारी को 11 सूत्री ज्ञापन राष्ट्रपति महोदय के नाम सोपा गया जिसमें मुख्य तौर पर 108 102 एंबुलेंस में हो रहे भ्रष्टाचार अधिवक्ताओं पर अत्याचार के संबंध में एवं अन्य समस्याएं सम्मिलित थी वहीं जनपद एटा की बार एसोसिएशन को अपना समर्थन पत्र सौंप कर प्रशासन को यह साफ संदेश दे दिया कि अगर अधिवक्ताओं के साथ किसी भी तरीके का अत्याचार किया गया तो प्रशासन कान खोलकर सुन ले एटा जनपद में वह आंदोलन होगा की जन्म जन्म तक याद किया जाएगा वही किसान नेता शाहिद पार्क से शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कलेक्ट पहुंचे थे जिसमें सैकड़ो की संख्या में ङ्खह्व स्वराज के कार्यकर्ता किसान एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

# मुंगफली से भरे हुए ट्रक लूट की घटना में वांछित चल रहा 50000 रूपये का इनामिया लुटेरा पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



